हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 प्रत्येक शिशु मृत्यु प्रकरण का विश्लेषण कर...



07 शिकायतों को लेकर क्यों भटकें लोग जनता तक...



धर्म, आस्था और विश्वास का उमड़ा जनसैलाब, बम-बम भोले के गूंजे जयकारे

श्रावण के अंतिम सोमवार शिवमय हुआ आगर







बम-बम भोले के जयघोष के साथ निकली राजाधिराज बाबा बैजनाथ महादेव की भव्य शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने किया पूजन-अर्चन



प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने सपत्नीक एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने बाबा बैजनाथ महादेव का जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक कर जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। शाही सवारी प्रारंभ होने के पहले ,क्षेत्रीय सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, आगर के विधायक माधव सिंह मधु गहलोत, सुसनेर विधायक भैरु सिंह परिहार बापू, कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरू सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, विजयलक्ष्मी तंवर, पूर्व विधायक गोपाल परमार, पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह , मयंक राजपूत सहित जनप्रतिनिधियों एवं मंदिर प्रबंध समिति सदस्यों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर महाआरती की। तत्पश्चात जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर एवं एसपी ने बारी-बारी से पालकी को कंधा देकर पालकी एवं भव्य शाही सवारी को रवाना किया।

पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर आगर नगर शिवभक्ति से सराबोर हो गया। राजाधिराज बाबा बैजनाथ महादेव चांदी की अति सुंदर पालकी में सवार होकर राजसी ठाट-बाट, ढोल-धमाकों और बैंड-बाजों के साथ नगर भ्रमण पर निकले और प्रजा का हाल जाना। शाही सवारी में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शाही सवारी मार्ग पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बाबा का भव्य स्वागत किया गया। शाही सवारी के दौरान पालकी में विराजित बाबा बैजनाथ महादेव का वैभव देखते ही बन रहा था जो श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा था। पूरा शहर ₹बम-बम भोले, हर-हर महादेव, जय हो बाबा बैजनाथ₹ के उद्घोष से गूंज उठा।

मंदिर परिसर में मध्यप्रदेश पुलिस की सशस्त्र टुकड़ी द्वारा बाबा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कोटा रोड स्थित जिला जेल के सामने जेल विभाग की टुकड़ी द्वारा भी सलामी दी गई। इस अवसर पर एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयत, एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, तहसीलदार विजय सेनानी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। यह भव्य शाही सवारी आकर्षक झांकी ढोल नगाड़ों बैंड बाजे और आकर्षक करतब करते अखाड़ा मंडलियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए रात्रि में पुराना कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंची ,जहां भक्त मंडल की ओर से विशाल भंडारा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। शाही सवारी में शामिल हजारों श्रद्धालुओं द्वारा प्रसादी ग्रहण की गई। धर्म आस्था और आध्यात्म का यह अनूठा महासंगम सभी के सहयोग से अपने आप में एक अभूतपूर्व सफल आयोजन रहा है।

इस भव्य शाही सवारी में बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं प्रबंधों , यातायात प्रबंधन सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रबंधो की श्रद्धालुओं ने सराहना की है।

सावन के अंतिम सोमवार पर गूंजे ओम नमः शिवाय से शिवालय



नलखेड़ा। शिव भक्ति के पावन मास सावन के अंतिम सोमवार को नगर के शिवालय ओम नमः शिवाय से गूंजते रहे। शिव भक्त भोले की पूजा अर्चना एवं अभिषेक के साथ भक्ति में लीन रहें। सावन मास में शिव भक्त विभिन्न साधना आराधना के माध्यम से भोले की भक्ति में लीन दिखाई दे रहे हैं। नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सावन मास के अंतिम सोमवार को प्रातःकाल से ही भक्त पूजन अभिषेक करने पहुंच रहे थे। यह सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। दोपहर बाद लगभग सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। जिनके दर्शन करने के लिए देर रात्रि तक भक्तों का तांता लगा रहा। सावन मास में सभी मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है। कई स्थान पर अखंड रामायण का पाठ भी चल रहा है।

श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से निकली भव्य कांवड़ और कलश यात्रा







नलखेड़ा। श्रावण मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर स्थानीय श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से एक भव्य कांवड़ एवं कलश यात्रा भोलेनाथ के जयकारों के साथ निकली जो ताखला स्थित श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहाँ लखुंदर से जल से बाबा का जलाभिषेक किया गया। सोमवार प्रातः 9 बजे श्री गुप्तेश्वर कांवड़ यात्रा संघ के तत्वावधान में एक भव्य कांवड़ व कलश यात्रा प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर कांवड़ तथा कलश की पूजा अर्चना के साथ यात्रा प्रारम्भ हुई। कांवड़ यात्रा के दौरान भोले के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवाओं के साथ कई बच्चे भी कांधे पर कांवड़ रखकर हर हर महादेव एवं बोल बम के जयघोष के साथ वातावरण गुंजायमान कर रहे थे। कांवड़ एवं कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए शामिल थी। कावड़ यात्रा में डीजे पर बज रहे भगवान भोलेनाथ के सुमधुर भजनों पर शिव भक्त नाचते थिरकते भगवान भोलेनाथ की जय जयकार लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान नगर का पूरा माहौल धर्ममय बना हुआ था। हर कोई भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबा हुआ नजर आ रहा था। कांवड़ यात्रा में शामिल आदि गुरु की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी भी साथ चल रहे थे। कांवड़ यात्रा का नगर में स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया वही कुछ स्थानों पर फ़रिहाली अल्पाहार से भी स्वागत किया गया। कांवड़ एवं कलश यात्रा गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से किला रोड़, अशोक मार्ग,चौक बाजार, गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा, माँ बगलामुखी चौराहा, धरोला चौराहा होते हुवे ग्राम धरोला, मोल्याखेड़ी, हिरणखेड़ी से ताखला मैं त्रिवेणी संगम तट पर स्थित श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहाँ लखुंदर के जल से श्री तारकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया।



गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की सवारी धूमधाम से निकाली गई



नलखेड़ा। नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की द्वितीय सवारी सावन मास के अंतिम सोमवार को बड़े ही धूमधाम से नगर में निकली गई। सवारी में फूलों से सुसज्जित पालकी में भगवान भोलेनाथ को विराजित कर नगर भ्रमण हेतू निकाला गया। सवारी में भजन मण्ड़लियां शिव भजनों पर आधारित प्रस्तुतियां दे रही थी। गुप्तेश्वर मंदिर से सोमवार दोपहर 4 बजे भगवान भोलेनाथ की आरती उपरांत सवारी प्रारम्भ हुई जो किला रोड़, सावलिया नाथ मंदिर, अशोक मार्ग, चौक बाजार,गणेश चौराहा,शिवाजी चौराहा, मां बगलामुखी मंदिर मार्ग से माँ बगलामुखी चौराहा,गवलीपुरा, नयापुरा, गणेश चौराहा होते हुवे पुनः श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। सवारी मार्ग पर भगवान भोलेनाथ का उनके भक्तो द्वारा पूजन- अर्चन कर अगवानी की गई। गौरतलब है कि गुप्तेश्वर मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान शिव की चार सवारी नगर में निकाली जाती है जिसमें श्रावण मास में अंतिम दो सोमवार तथा भाद्रव मास में प्रथम दो सोमवार को सवारी निकाली जाती है। अंतिम सवारी शाही सवारी के रूप में नगर भ्रमण करती है।



चातुर्मास के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन

संसार के सभी रिश्ते मात्र स्वार्थ के साथी है: डॉ अमृतरसा महाराज साहब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

संसार के सभी रिश्ते मात्र स्वार्थ के साथी है कोई किसी का नहीं है, यही जीवन का शाश्वत सत्य है। जिसे हम सभी को स्वीकारना पड़ेगा परमात्मा के द्वारा प्रदत्त हमें यह पंचेंद्रीय शरीर धर्म आराधना तप साधना एवं परमात्मा के बताए हुए मार्ग पर चल के अपने जीवन को सफल बनाने के लिए मिला है। परम पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा ने राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर महिदपुर रोड पर चातुर्मास के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन में सोमवार को धर्म सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। साध्वीजी ने कहा कि आत्मा शाश्वत है, शरीर नशवंत है। अर्थात आत्मा अजर अमर है, जो कभी मरती नहीं है। लेकिन इस शरीर को एक दिन समाप्त होना ही है। माटी के पुतले को माटी में मिलना है। साध्वीजी



ने कहा की आत्मा और शरीर दोनों अलग-अलग है। आत्मा शरीर में निवास करने का स्थान मात्र है। उदाहरण देते हुए बताया कि जिस प्रकार मिठाई के डिब्बे की शोभा तब तक ही रहती है जब तक उसमें मिठाई रहती है। मिठाई खत्म होने के बाद हम डिब्बे को फेंक देते हैं। इसी तरह शरीर की कीमत भी जब तक रहती है, जब तक उसमें आत्मा विद्यमान है। शरीर में से आत्मा निकल जाने के बाद उस शरीर की कोई कीमत नहीं रहती है। साध्वी जी ने कहा की जिस शरीर को संवारने में हम पूरा जीवन लगा देते हैं। लोगो को उस शरीर को जलाने में पल भर की भी देर नहीं लगती है। जिसे हम में और मेरा कहते हैं वह भी हमारा नहीं है। संसार के सभी रिश्ते मात्र स्वार्थ के साथी है कोई किसी का नहीं है यही जीवन का शाश्वत सत्य है जिसे हम सभी को स्वीकारना पड़ेगा। परमात्मा ने हमें यह पंचेंद्रीय शरीर, धर्म आराधना तप साधना परोपकार तथा सद् कार्य हेतु दिया है। हमें परमात्मा के बताए हुए मार्ग पर चल के अपने इस दुर्लभ मानव जीवन को सफल बनाना है। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते बताया कि आज की साधार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस का लाभ जितेंद्र कुमार बापूलाल कोचर मावा वाला परिवार एवं प्रवचन प्रभावना का लाभ अशोक कुमार रौनक कुमार बोहरा भाटपचलाना द्वारा एवं रमेशचंद मुकेश कुमार अनिल कुमार कांकरिया परिवार उज्जैन द्वारा लिया गया।

मालवा रीजन की नई कार्यकारिणी ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

समाजसेवा, मानव सेवा और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया

अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप मालवा रीजन की वर्ष 2026-28 की नई कार्यकारिणी ने रविवार को श्री अभ्युदयपुरम जैन तीर्थ, बड़नगर रोड में आयोजित शपथ समारोह में विधिवत जिम्मेदारी संभाली। अशोक अनिता मोदी ने मालवा रीजन अध्यक्षता की जिम्मेदारी उमंग दक्षा जैन को सौंपी। अध्यक्ष उमंग-दक्षा जैन नलखेड़ा के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कोठारी, कांता राजेंद्र बांठिया एवं हेमंत कोठारी ने करवायी। पूरी कार्यकारिणी ने समाजसेवा, मानव सेवा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। इसके बाद आयोजित मंचीय कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाउसिंग बोर्ड



अध्यक्ष ओम जैन, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम मस्ताना, फेडरेशन के अध्यक्ष कमलेश कोठारी, वरिष्ठ अभिभाषक दिलीप सिसोदिया एवं जालना से पधारे गौतम मूणोत तथा नरेंद्र धाकड़ ने की। मालवा रीजन के प्रभारी पीयूष-चित्रा जैन, कांता राजेंद्र बांठिया, राजेंद्र जैन, नरेंद्र संचती, रितेश कटकरानी, पारस मोदी, अरिहंत जैन, हेमंत कोठारी, अनिल छाजेड़ सहित फेडरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारी, मार्गदर्शक एवं गणमान्यजन मौजूद रहे। नई जिम्मेदारी संभालने के बाद अध्यक्ष उमंग-दक्षा जैन ने कहा कि मालवा रीजन की सामाजिक और मानव सेवा गतिविधियों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। संगठन समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर सेवा कार्यों का विस्तार करेगा। समारोह में सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस पहल को समाज में सहयोग, सामाजिक समरसता और जरूरतमंद परिवारों की सहायता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों और समाजजनों के लिए मैत्री भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्पणा ककरेचा ने किया। शपथ समारोह के दौरान उत्साह और सामाजिक एकजुटता का माहौल देखने को मिला। नई कार्यकारिणी ने आने वाले कार्यकाल में सेवा गतिविधियों को और व्यापक बनाने का संकल्प दोहराया। आभार अंतिम चिराग बांठिया ने माना।

68 परिवारों ने नवकार महामंत्र के 68 अक्षरों का एक साथ किया महापूजन

मंदसौर। श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ धाम चन्द्रपुरा में चातुर्मास अंतर्गत विविध धार्मिक गतिविधियां आयोजित हो रही है। दिनांक 24 अगस्त सोमवार को आचार्य श्री अशोकसागर सूरीश्वरजी म.सा., आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर सूरीश्वरजी म.सा. आदि भव्य 11 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में नवकार महामंत्र अनुष्ठान अंतर्गत श्री नमस्कार महामंत्र के 68 अक्षरों के महापूजन का आयोजन किया गया। महामंत्र के 68 अक्षरों का महापूजन अष्टप्रकारी पूजा के द्वारा 68 लाभार्थी भाग्यशाली परिवारों के द्वारा किया गया। सावन सुदी 12 सोमवार को प्रातः 9 से 11.30 बजे तक 68 परिवारों ने पूजन की वेशभूषा पहनकर पूरे अनुशासन भाव से नमस्कार महामंत्र के 68 अक्षरों का पूजन किया। इस अवसर पर आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर सूरीश्वरजी म.सा. ने पूजन में बैठे सभी 68 परिवारों को नमस्कार महामंत्र के प्रत्येक अक्षर का महत्व बताया और इस पूजन का क्या महत्व है। जिन शासन एवं जैन आगमों में इस पूजन को क्यों महत्वपूर्ण माना गया है इसकी पूरी जानकारी श्रावक श्राविकाओं को दी और कहा कि नमस्कार महामंत्र की जो भी आराधक 9 दिवस तक धर्मआराधना करते हैं।

पूजन थाल सजाओ प्रतियोगिता में सभी बच्चे थाली सजाकर घर से लेकर आये

बच्चों ने की जिन मंदिर में परमात्मा की अष्टप्रकारी की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़









स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष परम पूज्य कलिकुण्ड तीर्थो धारक प.पू.गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 चातुर्मास चल रहा है। चातुर्मास के दौरान समाज में विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों में धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण हो तथा उनकी धर्म की प्रति रुचि बड़े इसके लिए 24 अगस्त सोमवार को जिन मंदिरजी में परमात्मा की अष्टप्रकारी पूजन का आयोजन रखा गया जिसमें समाज के बच्चे अपने-अपने घरों से अष्टप्रकारी पूजा की थाली सजाकर लेकर आये। तथा भक्ति भाव पूर्वक परमात्मा की पूजा की गई। प्रभावना स्वरूप सभी बच्चों को एक गिफ्ट और साथ में 20 रूपये नगद वितरित किए गए। साध्वी मंडल के साथ समाज की सुश्राविका मीनल सकलेचा और सीमा तातेड द्वारा पूजन संपन्न करवाई। अष्टप्रकारी पूजन थाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुहू, मैत्री कांठेड़ रही। द्वितीय स्थान पर कविशा, वैदिश फाफरिया तथा तृतीय स्थान पर हषिल तातेड रहे। साध्वी मंडल की प्रेरणा से प्रत्येक रविवार को धार्मिक बाल शिविर का आयोजन समाज द्वारा किया जा रहा है। इसमें 5 वर्ष से लगाकर 12 वर्ष तक के बच्चों द्वारा भाग लिया जा रहा है। जिन्हें साध्वी मंडल द्वारा जैन धर्म संबंधी विशेष जानकारी शिविर के माध्यम से प्रदान की जा रही है। 23 अगस्त को चतुर्थ शिविर रहा। शिविर के दौरान नवकार लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। साध्वी मंडल की पावन निश्रा में घर घर मंगल हर घर मंगल की कामना के साथ आयंबिल की लड़ी भी समाज में चल रही है। इसी के साथ सम्मेद शिखरजी पर मोक्ष प्राप्त करने वाले 20 तीर्थंकर भगवानों के निमित्त शिखरजी तप 7 अगस्त से प्रारंभ किया गया है। यह तप 40 दिनों तक चलेगा जिसमें एक दिन उपवास तथा एक दिन बायसना रखा गया है। इस तरह इस तप में भाग लेने वाले आराधक को 20 दिन उपवास तथा 20 दिन बायसना करना होगा। नवम दिन का सामूहिक बायसना 24 अगस्त को लाभार्थी कैलाशचंद प्रेमचंद प्रकाशचंद प्रितेश कुमार फाफरिया परिवार की ओर से रखा गया था। समाज के सभी श्रावक भाइयों के लिये प्रातः 8 से 9 बजे तक जैन उपाश्रय हनुमान मंडी पर सामयिक प्रारंभ की गई है।

जैन आराधना भवन में दोपहर

2.15 से 4:00 बजे तक आयोजित किया गया था। जिसके लाभार्थी श्रीमती सरोज फाफरिया परिवार

खबर संक्षेप

स्कूली बच्चों से कराई मजदूरी, शिक्षक निलंबित

बागली। ब्लॉक बागली के शासकीय प्राथमिक विद्यालय भिकुपुरा में छोटे स्कूली बच्चों से कथित रूप से मुरम और मलबा हटवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। मामले की जांच के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित शिक्षक हुकमचंद परमार को निलंबित कर दिया है।वायरल वीडियो में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे तगारी और फावड़े से मुरम व मलबा हटाते नजर आए थे। बच्चे सिर पर तगारी रखकर सामग्री ले जाते और फावड़े से मुरम भरते दिखाई दिए थे। मामले को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की थी।मामला सामने आने के बाद संबंधित शिक्षक को पहले शोकॉज नोटिस जारी किया गया था।

कांग्रेस ने मनाया पूर्व मंत्री वर्मा का जन्मदिन

देवास। अ.जा. कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय परमार के नेतृत्व में पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर आनंद नगर, देवास स्थित दृष्टिहीन बालिका छात्रावास में फल वितरण कर बालिकाओं के साथ स्नेह एवं खुशियाँ साझा कीं। साथ ही देवास के एम.जी. अस्पताल पहुँचकर मरीजों को फल वितरित किए तथा वृद्धाश्रम पहुँचकर बुजुर्गों के बीच फल वितरण कर उनके साथ समय बिताया। इसके पश्चात सोनकच्छ पहुँचकर भी वर्मा का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया।

सीएमएचओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक

प्रत्येक शिशु मृत्यु प्रकरण का विश्लेषण कर संभावित कारणों की पहचान की

53 दिनों में 76 शिशुओं की मौत, 54 नवजातों की मृत्यु, सेप्सिस और जन्म श्वासावरोध सहित कई कारण आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक की अध्यक्षता में सोमवार को शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में हुई शिशु मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए मृत्यु के कारणों, मृत्यु के स्थान, रिपोर्टिंग स्थिति तथा अस्पताल एवं समुदाय स्तर पर की गई समीक्षा की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रत्येक शिशु मृत्यु प्रकरण का गहन विश्लेषण कर संभावित कारणों की पहचान, समय पर उपचार एवं रेफरल व्यवस्था को मजबूत करने तथा भविष्य में ऐसी मौतों को रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। डॉ. बेक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से नियमित रूप से शिशु मृत्यु समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का ड्यूटी चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में आने वाली गर्भवती महिलाओं में संक्रमण की रोकथाम के लिए महिलाओं एवं उनके परिजनों को पर्याप्त समझाइश देने तथा प्रदर्शन के माध्यम से हाथ धोने का सही तरीका सिखाने पर भी जोर दिया।

शिशु मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी ने बताया कि जिले में 1 जुलाई 2026 से 22 अगस्त 2026 के बीच कुल 76 शिशु मृत्यु प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें 0 से 28 दिन आयु वर्ग में 54 मृत्यु, 29 दिन से 1 वर्ष आयु वर्ग में 14 मृत्यु तथा 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग में 8 मृत्यु के मामले सामने आए। इनमें से 58 शिशुओं की मृत्यु अस्पताल में, 11 की घर पर तथा 7 की अस्पताल ले जाते समय हुई। समीक्षा में मृत्यु के प्रमुख कारणों में सेप्सिस, एचआईई एवं मध्यम से गंभीर जन्म श्वासावरोध, रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम, निमोनिया, अत्यंत कम जन्म वजन, 28 सप्ताह से कम गर्भावधि में जन्म तथा जन्मजात विकृतियां प्रमुख रूप से सामने आईं। बैठक में अस्पताल एवं समुदाय स्तर पर शिशु मृत्यु समीक्षा की प्रगति की भी जानकारी ली गई। जिला स्तर पर 1 अप्रैल से 11 अगस्त तक प्राप्त 213 रिकॉर्ड में से सभी 213 रिकॉर्ड की समीक्षा पूर्ण पाई गई। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी, प्रभारी एसएनसीयू डॉ. वैशाली निगम, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा पवैया, डीपीएम कामाक्षी दुबे, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय, समस्त विकासखंड मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, संबंधित चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर उपस्थित रहे।

बैलगाड़ी व नकदी लूट का 24 घंटे में हुआ खुलासा

पुलिस ने दो आरोपी किए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खातेगांव पुलिस ने बैलगाड़ी, दो बैल और नगदी लूट की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए दोनों बैल, जिनकी कीमत करीब 81 हजार रुपए बताई गई है, बरामद कर लिए हैं।पुलिस के अनुसार फरियादी संतोष पिता झापु मोरे निवासी ग्राम सिरपुर, तहसील हरसूद, जिला खंडवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अजनास रोड स्थित पटेल ढाबे के पास चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी बैलगाड़ी रोककर मारपीट की। आरोपियों ने बैलगाड़ी में बंधे दो बैल, जेब में रखा आधार कार्ड और एक हजार रुपए नगद लूट लिए थे।मामले में थाना खातेगांव में अपराध क्रमांक 618/2026, धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच में शिवप्रसाद, गणेश, विकास और परवेज की संलिप्तता सामने आई।पुलिस टीम ने नयापुरा बजगांव में दबिश देकर भागने का प्रयास कर रहे शिवप्रसाद पिता मांगीलाल, उम्र 55 वर्ष और गणेश पिता रामप्रसाद, उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपने अन्य साथियों विकास और परवेज के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।दोनों आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए दो बैल बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश एवं अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

देवास से उज्जैन तक निकली कांवड़ यात्रा

देवास। शहर एवं क्षेत्र में अच्छी वर्षा और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर संस्था हँसो महाकाल द्वारा रविवार को देवास से बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन तक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा संयोजक आकाश अग्रवाल ने बताया कि कावड़ यात्रा का शुभारंभ सिद्धिविनायक परिसर, सयाजी में भगवान श्री गणेश की आरती एवं पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, गुरुदेव अरुण तिवारी, एमआईसी सदस्य शीतल गहलोत, नेता प्रतिपक्ष राहुल पवार, नरेंद्र सोलंकी, एल्डरमैन सचिन सोनी, भजन गायक द्वारका मंत्री, हिम्मतसिंह चावड़ा, किशोर चौधरी, प्रजापति समाज युवा अध्यक्ष दीपक टँकराया सहित अनेक श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे।



एसडीएम सहित विभिन्न महिला संगठन प्रमुखों ने बनाए मिट्टी के गणेश



देवास। जेम्स एकेडमी, इटावा में आयोजित 'मेरे गणेश, मिट्टी के गणेश' कार्यशाला में नगर की विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टोंकखुर्द, देवास की एसडीएम ऋतु चौरसिया एवं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी उपस्थित रहीं। कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं ने प्रशिक्षिका ऋचा दुबे एवं संयोजक आदित्य दुबे के मार्गदर्शन में आत्मीय वातावरण में खेल-खेल में ही कम समय में मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाना सीखा और स्वयं प्रतिमाओं का निर्माण किया। अतिथियों ने कार्यशाला का निरीक्षण कर इसकी गतिविधियों एवं उद्देश्य की जानकारी ली। मुख्य अतिथि एसडीएम ऋतु चौरसिया ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में इको-फ्रेंडली जीवनशैली अपनाना आवश्यक हो गया है। सभी को इस वर्ष गणेश उत्सव में मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। मिट्टी की प्रतिमाओं से तालाबों और नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सकता है। साथ ही मिट्टी की प्रतिमा का विसर्जन घर में गमले अथवा पौधों में भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'मेरे गणेश, मिट्टी के गणेश' अभियान देवास में प्रतिवर्ष पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पूर्व मंत्री वर्मा का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा का जन्मदिन नगर में सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर, पौधारोपण, मरीजों को फल वितरण सहित विभिन्न सेवा और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटे हनुमान चौक पर ढोल-धमाकों और आतिशबाजी के बीच केक काटकर पूर्व मंत्री वर्मा का जन्मदिन मनाया गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता शासकीय अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। साथ ही पौधारोपण भी किया गया।भौरासा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शहर में पहली बार आयोजित हुआ कृष्ण-हर मिलन महोत्सव, श्रद्धालुओं ने किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भगवान श्रीकृष्ण एवं भगवान महादेव के दिव्य मिलन के भाव को समर्पित कृष्ण-हर मिलन महोत्सव का आयोजन रविवार सुबह मल्हार स्मृति मंदिर, सयाजी द्वार पर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में किया गया। शहर में पहली बार आयोजित इस अनूठे आयोजन में करीब 110 परिवारों के 500 श्रद्धालुओं ने अपने घरों से लड्डू गोपाल एवं शिवलिंग लाकर विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक किया।आयोजक प्रवीण वर्मा एवं जयेश पंडियार ने बताया कि कार्यक्रम में लड्डू गोपाल एवं भगवान महादेव का अभिषेक-पूजन, दिव्य श्रृंगार तथा संकीर्तन किया गया। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें श्रीकृष्ण द्वारा महादेव के अभिषेक और महादेव द्वारा श्रीकृष्ण के श्रृंगार के दिव्य भाव को साकार किया गया। इस अनूठे धार्मिक आयोजन ने श्रद्धालुओं को हरि और हर के एकत्व का संदेश दिया।

मारुति नंदन रामायण मंडल ने निकाली भव्य कांवड़ कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



सनातन धर्मावलंबियों के पावन श्रावण मास के चैथे सोमवार को श्री मारुति नंदन रामायण मंडल के तत्वावधान में श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर से श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर गंजपुरा तक भव्य संगीतमय कावड़ कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का नगर में सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों सहित नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं फलाहारी प्रसादी वितरित कर स्वागत किया। कावड़ यात्रा का शुभारंभ श्री पिपलेश्वर मंदिर में मानसरोवर से लाए जल को कावड़ एवं कलश में भरकर किया। यात्रा ठाकुर सेरी, सोमवारिया, डाक बंगला रोड, एमजी रोड, बस स्टैंड, सांवेर एवं गंजपुरा होते हुए श्री कोटेश्वर धाम कोटड़ा पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने श्री कोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना कर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में कलाकारों ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां दी। यात्रा में वाहनों पर भगवान महादेव, श्रीकृष्ण एवं राधाजी का रूप धारण किए कलाकारों ने धार्मिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की बहनें भी यात्रा के साथ मौजूद रहीं। यात्रा के साथ पुलिस प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट एवं पुलिस बल तैनात रहा।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (रामवंशज) ने किया सैनिक सम्मान समारोह आयोजित



देवास। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (रामवंशज) के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ ठाकुर रविंद्र सिंह पवार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वीर सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ नागरिक संस्था, मल्हार स्मृति मंदिर के समीप किया गया।समारोह में 35 वीर सैनिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजपूत समाज ट्रस्टी ठा. रणजीत सिंह राठौड़ एडवोकेट, पेंशन संघ अध्यक्ष गंगा सिंह सोलंकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैनेंद्र सिंह पंवार, जितेंद्र सिंह राजपूत, वर्ष 1971 के युद्ध के कप्तान कृष्णकांत वर्मा तथा सनफार्मा के बेस अध्यक्ष शंकर सिंह बेस रहे। समारोह में दीप सिंह पंवार, कैलाश सिंह नाना बैस, आनंद सिंह ठाकुर, यशपाल सिंह, हिम्मत सिंह चावड़ा, रविन्द्र सिंह राठौड़, भगवान सिंह राजपूत, लोकेश ठाकुर, विकास दायमा, किट्टू भैया, शैलेन्द्र सिंह, नीरज सिंह, कृपाल सिंह राजपूत, अजय सिंह पंवार, दिलीप सिंह रघुवंशी, गब्बर सिंह, जितेंद्र सिंह एवं अखिलेश सिंह तंवर सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि आने वाले वर्षों में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से सैनिकों और समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता रहेगा।

घोड़े पर सवार होकर कॉलेज पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



छात्र हितों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा सोमवार को अनूठे अंदाज में प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं भोपाल चौराहे से घोड़े पर सवार होकर रैली के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे। यहां कॉलेज प्रभारी डॉ. जाधव को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान ने कहा कि वर्तमान में छात्र-छात्राओं के सामने परिवहन की समस्या बनी हुई है। कई विद्यार्थियों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है और कॉलेज आने-जाने के लिए पर्याप्त परिवहन व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि यदि प्रशासन छात्रों के लिए निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस और उचित बस सुविधा उपलब्ध नहीं करा सकता तो कॉलेज परिसर में घोड़ों के लिए अस्तबल बनवा दिया जाए, ताकि विद्यार्थी घोड़ों से कॉलेज आ सकें। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज नागर ने कॉलेज की परिवहन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कॉलेज की बस किसी एक दिन केवल एक रूट पर संचालित होती है तो दूसरे रूट के विद्यार्थियों के सामने कॉलेज पहुंचने की समस्या खड़ी हो जाती है। उन्होंने मांग की कि बसों का संचालन सभी निर्धारित रूटों पर नियमित रूप से किया जाए। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह गौड़, राजा धाकड़, यशवंत कुशवाहा, धर्मेंद्र चौहान, जयदीप रायपुरिया सहित एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्मा का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया

कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल में मरीजों को बांटे फल





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का जन्मदिन सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में सेवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पंवार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता सिविल अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इसके बाद जैन मंदिर परिसर के सामने जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के बीच केक काटकर वर्मा का जन्मदिन मनाया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पंवार ने सज्जन सिंह वर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन जनसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की।

नपं अध्यक्ष बघेल ने दी बधाई

नगर परिषद अध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल ने भी बधाई संदेश के माध्यम से सज्जन सिंह वर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं नगर परिषद पार्षद प्रतिनिधि मो. आरिफ खान (गब्बर) ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ



देवास। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में संचालित उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत के.पी. कॉलेज देवास में सोमवार को छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग देवास की टीम द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में 72 छात्र-छात्राओं की बी.एम.आई. स्क्रीनिंग, ब्लड प्रेशर, आर.बी.एस. जांच, डेंटल चेकअप एवं नेत्र परीक्षण किया गया।स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आवश्यकतानुसार छात्र-छात्राओं को उपचार एवं संदर्भ सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए 'मनहित' एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया गया तथा उसके उपयोग की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन 14416, जिला चिकित्सालय देवास में संचालित उमंग स्वास्थ्य केंद्र एवं मनकक्ष की सेवाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की नियमित स्क्रीनिंग के साथ-साथ उन्हें शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा आवश्यकता होने पर उपचार एवं संदर्भ सेवाओं से जोड़ना है।

खबर संक्षेप



पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 906/2026, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त ग्राम भरतपुरा निवासी मनमोहन उर्फ डब्बू अहिरवार पुत्र परसुराम अहिरवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी जारी किया है। उसके विरुद्ध कोतवाली में मु.अ.सं. 210/2023, धारा 327, 323, 504 एवं 506 भादवि तथा मु.अ.सं. 906/2026, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी 24 अगस्त 2026 को की गई।

खंडहर तालाब को खेल मैदान में बदलने की मांग



ललितपुर। विकासखंड जखौरा अंतर्गत ग्राम कल्याणपुरा में करीब तीन एकड़ क्षेत्रफल में स्थित अनुपयोगी एवं बदहाल तालाब को समाप्त कर उसके स्थान पर खेल मैदान बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से तालाब में पानी नहीं है और यह स्थान खंडहरनुमा स्थिति में पड़ा हुआ है। इसके चलते आसपास गंदगी और दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब परिसर में आए दिन मृत पशुओं को फेंक दिया जाता है। वहीं कुछ लोगों द्वारा खुले में शौच किए जाने के कारण भी यहां गंदगी फैल रही है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बच्चों और युवाओं के लिए खेलकूद की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है, जबकि उक्त भूमि का उपयोग खेल मैदान के रूप में किया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के समीप ही विद्यालय स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे आते-जाते हैं। गंदगी, दुर्गंध और अस्वच्छ वातावरण के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका है। ज्ञापन सौंपने वालों में योगेश नायक, अभिषेक, अंकित, सत्यम नायक, कार्तिक नायक, मगवेन्द्र यादव, शैलेन्द्र यादव, रामकुमार नायक, विवेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के तालाबपुरा (डोडाघाट) मोहल्ले में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट और उत्पीडऩ का मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके से दो लाख रुपये नकद और फोरव्हीलर गाड़ी लाने का दबाव बनाया। मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में विवाहिता के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति, जेठ और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम मौगान, थाना बानपुर निवासी राहुल पुत्र धनीराम ने बताया कि उसकी बहन गीता का विवाह तालाबपुरा निवासी राघवेन्द्र पुत्र स्व.रामदास के साथ हुआ है। आरोप है कि 22 अगस्त 2026 को सुबह करीब 10 बजे गीता अपने ससुराल में थी। इसी दौरान उसके पति राघवेन्द्र, जेठ जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व.रामदास और सास अक्ला पत्नी स्व.रामदास ने एकराय होकर उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाहिता ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उससे मायके से दो लाख रुपये नकद और एक फोरव्हीलर गाड़ी लाने की मांग की। उसके साथ मारपीट की गई।

खैरी में जन चौपाल से हलचल, एक-एक फरियादी की सुनी पीड़ा

शिकायतों को लेकर क्यों भटकें लोग जनता तक पहुंचें अधिकारी: सत्येंद्र बारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



ललितपुर प्रवास के दौरान तहसील तालबेहट के ग्राम खैरी में आयोजित जन चौपाल में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र कुमार बारी (बीनू) का जनसरोकार से जुड़ा संवेदनशील और प्रभावी अंदाज देखने को मिला।

मंचीय औपचारिकताओं से अलग हटकर उन्होंने सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य फरियादियों से व्यक्तिगत संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जन चौपाल में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को आयोग के सदस्य के समक्ष रखा। सत्येंद्र बारी ने एक-एक फरियादी की बात सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों से शिकायतों के संबंध में जानकारी ली और समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रहने वाला प्रत्येक नागरिक परिवार के समान है और उसकी पीड़ा को अपनी व्यक्तिगत पीड़ा समझकर उसका समाधान कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर इधर-उधर भटकने को मजबूर न हो। अधिकारी स्वयं जनता के बीच पहुंचें, उनकी समस्याएं सुनें और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सत्येंद्र बारी ने कहा कि शासन की योजनाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। अधिकारियों को चाहिए कि वह केवल कार्यालयों में बैठकर जनता के आने की प्रतीक्षा न करें, बल्कि स्वयं गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझें तथा मौके पर ही उनके समाधान की प्रभावी पहल करें। जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों, विशेषकर बुजुर्गों ने सत्येंद्र बारी के सहज एवं आत्मीय व्यवहार की सराहना की। कई बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया।

ग्रामीणों के बीच चर्चा रही कि यदि जनप्रतिनिधि और अधिकारी इसी तरह सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनें तो कई समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकता है। जन चौपाल को प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत करने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना गया। जन चौपाल के उपरांत सत्येंद्र कुमार बारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता आयोजित कर मीडिया से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों, नीतियों एवं निर्णयों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के हित और विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने शासन की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने और जनकल्याणकारी कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं प्रभारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नन्दलाल सिंह, डीआईओ सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैंक कॉलोनी में वारदात

सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र की बैंक कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात, करीब 15 हजार रुपये की नकदी और जमीन-मकान से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए। घटना के समय मकान मालकिन रिश्तेदारों से मिलने पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश गई हुई थीं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया था।

गृहस्वामिनी के वापस लौटने के बाद 23 अगस्त को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई, जिसके आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बैंक कॉलोनी निवासी बुलू रानी सरकार पत्नी स्व. प्रोबिन्दू चन्द्र सरकार एक अगस्त 2026 को अपने रिश्तेदारों से मिलने पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश गई थीं। उनके बाहर रहने के दौरान मकान की देखरेख की जिम्मेदारी केयरटेकर शिवम पुत्र फूलचन्द्र कुशवाहा, निवासी एलीट के पास, ललितपुर को दी गई थी। बताया गया कि 11 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने मकान के सूने होने का फायदा उठाया और ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने मकान में रखी अलमारियों और बक्सों को खंगाला तथा उनमें रखे कीमती सामान को लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर केयरटेकर शिवम ने तत्काल फोन के माध्यम से मकान मालकिन को चोरी की सूचना दी। इसके बाद फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से पुलिस को भी घटना से अवगत कराया गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मकान का निरीक्षण किया और घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। गृहस्वामिनी के वापस ललितपुर पहुंचने के बाद उन्होंने 23 अगस्त को कोतवाली थाने में लिखित तहरीर देकर चोरी गए सामान का विवरण पुलिस को उपलब्ध कराया। तहरीर के अनुसार चोर मकान से सोने के पैंडेल, गुरिया, कान के कुंडल, चेन और लेडीज अंगूठी सहित अन्य आभूषण ले गए। इसके अलावा चांदी की नई एवं पुरानी पायलें, बड़ी चम्मच, थाली, कटोरी, गिलास, ब्रेसलेट, कड़े, चूड़ी, चूंडी, राखी और माला भी चोरी होने की बात कही गई है। करीब 15 हजार रुपये नकद चोरी होने के साथ ही जमीन और मकान की रजिस्ट्री से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी गायब होने की जानकारी पुलिस को दी है। चोरी गए जेवरात एवं अन्य सामान के पक्के बिल बाद में पुलिस को उपलब्ध कराने की बात भी तहरीर में कही गई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, संदिग्ध गतिविधियों और अन्य संभावित साक्ष्यों की जांच कर रही है। चोरी गए जेवरात एवं अन्य सामान की बरामदगी के साथ ही आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद बैंक कॉलोनी में सुरक्षा को लेकर भी लोगों में चिंता का माहौल है।

गेहूं पिसाने जा रहे युवक को रास्ते में रोककर लाठी से की मारपीट

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम ककड़ारी में पुरानी रंजिश और ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े जाने के शक में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिस द्वारा बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े जाने से नाराज आरोपी ने गेहूं पिसाने जा रहे युवक को रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी से मारपीट कर दी। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। तहरीर पर थाना बानपुर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम ककड़ारी निवासी विजय सिंह पुत्र भवानी सिंह ठाकुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 अगस्त की सुबह करीब आठ बजे वह गेहूं पिसाने के लिए गांव की आटा चक्की की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव का ही चंदन राजा पुत्र बल्लू राजा ठाकुर दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में बजरी भरकर ले जा रहा था। इनमें से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना बार पुलिस ने जरावली के पास पकड़ लिया और थाने ले गई। इसके बाद चंदन राजा को शक हुआ कि विजय सिंह ने पुलिस को सूचना देकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़वाई है। आरोप है कि इसी शक के चलते चंदन राजा ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी।

राष्ट्रगान के दौरान विधानसभा अध्यक्ष पर जाने का आरोप

वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच की मांग, कांग्रेस ने थाने में दी तहरीर

ललितपुर। राष्ट्रगान के दौरान उ.प्र.विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के एक कार्यक्रम स्थल से चले जाने के आरोप को लेकर जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को घंटाघर मैदान में धरना-प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेसजनों ने वायरल वीडियो के आधार पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उन्नाव में आयोजित एक कार्यक्रम से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में राष्ट्रगान के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के मंच से नीचे उतरकर कार्यक्रम स्थल से जाने का दृश्य दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि वीडियो की वास्तविकता और घटनाक्रम को लेकर स्थिति स्पष्ट करने के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रगान देश की एकता, अखंडता और सम्मान का प्रतीक है। राष्ट्रगान के दौरान प्रत्येक नागरिक से गरिमा और सम्मान बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं कर रही है, बल्कि राष्ट्रगान और संवैधानिक मर्यादाओं के सम्मान की मांग कर रही है। वायरल वीडियो को लेकर उठ रहे सवालों का तथ्यात्मक जांच के माध्यम से समाधान होना चाहिए। धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित थाने में



लिखित शिकायत/तहरीर भी प्रस्तुत की। शिकायत में मांग की गई कि वायरल वीडियो के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो रिकॉर्डिंग की जांच कराई जाए। इसके अलावा वीडियो की वास्तविकता, समय, घटनाक्रम तथा उसमें दिखाई दे रहे तथ्यों का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने जांच के निष्कर्ष को सार्वजनिक करने की भी मांग की। कांग्रेसजनों ने कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान सर्वोच्च है। धरना-प्रदर्शन में नाती राजा जाखलौन, अजय प्रताप सिंह तोमर, महेंद्र पनारी, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस मोंटी शुक्ला, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस अंकित यादव, सोनू शुक्ला, उपेंद्र राजा, रोमान खान, सौरभ रायकवार, ऋषि रजक, विवेक व्यास आदि मौजूद रहे।

बस ऑपरेटर्स एवं टेम्पो-टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों की बैठक की

रक्षाबंधन पर सुरक्षित सफर को लेकर बस-टैक्सी संचालकों निर्देश

ललितपुर। आगामी रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एआरटीओ कार्यालय के सभा कक्ष में बस ऑपरेटर्स एवं टेम्पो-टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन चौधरी ने की। बैठक में त्यौहारी सीजन के दौरान बढऩे वाली यात्री संख्या को देखते हुए वाहन संचालन और यात्री सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एआरटीओ ने बस एवं टैक्सी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों से शासन द्वारा निर्धारित किराये से अधिक वसूली किसी भी स्थिति में न की जाए। यात्रियों के साथ चालक एवं परिचालक भद्र एवं विनम्र व्यवहार करें तथा यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अभद्रता या मनमानी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहारी भीड़ के दौरान यात्रियों की संख्या बढऩे की



संभावना रहती है, ऐसे में किसी भी यात्री वाहन में ओवरलोडिंग न की जाए। क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर वाहन संचालित करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बस स्टैंड पर यात्रियों, विशेषकर महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महिला शौचालय एवं प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में चालक एवं परिचालकों के नशे में वाहन संचालन पर भी सख्ती बरतने को कहा गया। एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि कोई भी चालक अथवा परिचालक शराब का सेवन कर वाहन का संचालन न करे। इसके साथ ही सभी चालकों एवं परिचालकों का पुलिस एवं चरित्र सत्यापन कराने तथा केवल सत्यापित चालकों से ही वाहनों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एआरटीओ ने बस ऑपरेटर्स और यूनियन पदाधिकारियों से कहा कि रक्षाबंधन के दौरान यात्रियों की संख्या बढऩे के मद्देनजर सभी संचालक अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करें। परिवहन विभाग का उद्देश्य है कि यात्रियों को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधाजनक यात्रा मिल सके तथा किसी भी यात्री को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

ग्रापए की त्रैमासिक बैठक की

पत्रकार हित और संगठन की मजबूती पर मंथन किया गया



ललितपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील इकाइयों मड़ावरा और तालबेहट की त्रैमासिक बैठकें आयोजित की गईं। दोनों बैठकों में संगठन की मजबूती, पत्रकारों के हित, सदस्यता, पत्रकार कल्याण कोष तथा आगामी 19 सितंबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह एवं जिला सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन की गतिविधियों में सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और नियमित बैठकों में उपस्थिति पर जोर दिया। मड़ावरा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई मड़ावरा की त्रैमासिक बैठक रविवार को अटल ब्लॉक सभागार में तहसील अध्यक्ष विजय सिंह सेंगर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला इकाई के उपाध्यक्ष राजेंद्र गोस्वामी एवं तहसील तालबेहट के उपाध्यक्ष अमित बुंदेला का सानिध्य रहा। बैठक में निर्धारित एजेंडे के तहत संगठन की सदस्यता, पत्रकार कल्याण कोष तथा आगामी जिला सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। पिछली बैठक के प्रस्ताव एवं कार्यवाही को पढ़कर अनुमोदित किया गया। निष्क्रिय सदस्यों की सदस्यता जारी रखने के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। निलंबित सदस्यों को एक अवसर प्रदान करते हुए उनकी सदस्यता बहाल किए जाने की संस्तुति जिला इकाई को भेजने पर सहमति बनी। तहसील अध्यक्ष विजय सिंह सेंगर ने कहा कि बैठक में अनुपस्थित रहने वाले तथा पूर्व की बैठकों में लगातार अनुपस्थित सदस्यों को नोटिस जारी कर उनकी सदस्यता निरस्त करने की संस्तुति जिला इकाई को भेजी जाएगी। महामंत्री इंद्रपाल सिंह ने भी लगातार अनुपस्थित सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव रखा। बैठक में संगठन के सदस्य सोनू सोनी के प्रकरण पर भी चर्चा हुई। जिला संगठन मंत्री इमरान ने प्रत्येक तहसील में तीन अथवा पांच सदस्यीय अनुशासन समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा, ताकि किसी भी विवाद अथवा मामले को व्यक्तिगत या संगठन से संबंधित मानने का निर्णय समिति के माध्यम से किया जा सके। इधर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई तालबेहट की त्रैमासिक बैठक तहसील अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष हरिओम निरंजन एवं जिला महामंत्री भीष्म प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 19 सितंबर को जिला स्तर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह एवं जिला सम्मेलन प्रस्तावित है। संगठन के सदस्यता शुल्क एवं पत्रकार कल्याण कोष में निर्धारित धनराशि 5 सितंबर तक अनिवार्य रूप से जमा कराने पर जोर दिया गया। पत्रकारों की समस्याओं के समाधान, संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता तथा संगठन के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। सभी सदस्यों से नियमित बैठकों में उपस्थित रहने को भी कहा गया। बैठक का संचालन तहसील महामंत्री महेन्द्र सिंह बुन्देला ने किया। बैठक में प्रियंक सराफ, इमरान खान, राजेश त्रिपाठी, अभय राजा, जितेन्द्र पाल, प्रदीप सिंह, वीरेन्द्र गौर, अजीज मोहम्मद, रामकुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

हरियाली तीज पर महिलाओं ने पौधे वितरित कर दिया स्वच्छता व हरित पर्यावरण का संदेश

महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ पर्व की खुशियां साझा की

ललितपुर। सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की महिला समिति की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष संगीता गोस्वामी के नेतृत्व में तालाबपुरा स्थित उनके निज निवास पर हरियाली तीज पर्व उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला, मेहंदी, लोकगीत और पारंपरिक वेशभूषा के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ-हरित वातावरण का संदेश दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष संगीता गोस्वामी ने कहा कि हरियाली तीज सावन मास में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के पवित्र मिलन का प्रतीक माना जाता है। सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए व्रत एवं पूजन करती हैं, जबकि अविवाहित कन्याएं भी अच्छे जीवनसाथी की कामना से इस पर्व को श्रद्धा के साथ मनाती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व ही नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का भी अवसर है। सावन की हरियाली हमें प्रकृति के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। जिलाध्यक्ष रितु समाधिया ने कहा कि हरियाली तीज भारतीय संस्कृति की सुंदर परंपराओं को जीवित रखने के साथ-साथ प्रकृति के प्रति प्रेम, नारी शक्ति और पारिवारिक सौहार्द का संदेश देती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और झूला झूलकर हरियाली तीज का आनंद लिया। मेहंदी और पारंपरिक वेशभूषा ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण बढ़ाया। महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। क्षेत्रीय अध्यक्ष संगीता गोस्वामी ने उपस्थित महिलाओं को पौधे वितरित किए।

बसपा ने किया संगठन विस्तार कई पदाधिकारियों की नियुक्तियां की

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री बहन कु.मायावती के निर्देश पर पार्टी ने जिले में संगठन का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की हैं। बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद अहिरवार एड. की ओर से जारी प्रेस नोट में नव नियुक्त पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई है। बुंदेलखंड प्रभारी एवं पूर्व लोकसभा/राज्यसभा सांसद घनश्याम चंद्र खरवार, बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार, मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगैया तथा मुख्य मंडल प्रभारी मानवेन्द्र सिंह पटेल की संस्तुति पर वंदना पत्नी आशाराम इमलिया कला, महरौनी को बामसेफ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में महरौनी विधानसभा क्षेत्र से राधेन्द्र सिंह बघेल को विधानसभा सचिव तथा ललितपुर विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार दौलता को बीवीएफ का विधानसभा संयोजक नियुक्त किया गया है। पार्टी ने ललितपुर शहर में भी संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपते हुए सुनील साहू तालाबपुरा को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद अहिरवार एड. ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारियां मिलने के बाद पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पार्टी की ओर से जारी नियुक्तियों को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नई जिम्मेदारियां मिलने से स्थानीय स्तर पर संगठन को और सक्रिय एवं मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किए जाने की उम्मीद है।

महरौनी में रक्तदान, अंगदान व देहदान जागरूकता शिविर आयोजित

11 महिलाओं ने किया अंगदान करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, आईएएस के संयोजन एवं मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान के मार्गदर्शन में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी में रक्तदान, अंगदान, देहदान एवं नशामुक्ति जनजागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में रक्तदान के साथ लोगों को अंगदान एवं देहदान के महत्व तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत महरौनी अध्यक्ष नीलम बड़ोनियां ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा.अवधेश यादव सहित रक्तदाताओं ने कुल 8 यूनिट रक्तदान किया। वहीं 11 महिलाओं ने अंगदान की घोषणा कर



मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। शिविर की प्रमुख उपलब्धि 11 महिलाओं द्वारा अंगदान की घोषणा रही। महिलाओं ने मृत्यु के बाद अपने नेत्र एवं विभिन्न अंगों के माध्यम से जरूरतमंदों को जीवन का अवसर प्रदान करने का संकल्प लिया। इस पहल से समाज में अंगदान के प्रति सकारात्मक और प्रेरणादायी संदेश पहुंचा। ट्रस्ट संस्थापक खुशालचन्द्र साहू ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है, जबकि अंगदान और देहदान मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा का माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक माह नियमित रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में पहुंचे लोगों का बीपी, शुगर एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकता के अनुसार दवाओं का वितरण भी किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ रक्तदान, अंगदान एवं देहदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी गई। रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाने में रक्तकेंद्र की टीम के डा.विमल यादव, बालमुकुंद, सूरज, आकाश, प्रीतम एवं भवानी सिंह का विशेष सहयोग रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से डा.अवधेश यादव (चिकित्सा अधीक्षक एवं रक्तदाता), डा.सुन्दर सिंह, विक्रम चढ़ार (सुरक्षा गार्ड एवं रक्तदाता), अरुण प्रताप सिंह, सुश्री मुस्कान, चन्द्रशेखर एवं विशाल करौसिया ने शिविर की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से डा.अरविंद सिंह बुंदेला, अनिल साहू, अंकुर शानू बाबा, मनीष पटवारी एवं निर्मल साहू सहित ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। रश्मि मलैया, सुरभि सिंघई, सपना मलैया, लवली शास्त्री, माधवी सराफ, सीता सिंह (शिक्षक), राजुल, ममता सराफ एवं प्राची मलैया सहित अन्य सदस्यों ने शिविर की व्यवस्थाओं और जन- जागरूकता अभियान में सहयोग प्रदान किया।

केरल की कथककली प्रस्तुति, मुंबई की ढोल पार्टी, गुजरात व नासिक के ढोल रहे आकर्षण का केंद्र

बाबा पशुपतिनाथ की शाही सवारी में उमड़ा आस्था का सैलाब, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर







सावन माह के अंतिम सोमवार को भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की भव्य शाही सवारी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रजत प्रतिमा के रूप में भगवान पशुपतिनाथ राजसी रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। शाही सवारी में एक लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे शहर की प्रमुख सड़कें श्रद्धालुओं से खचाखच भर गईं। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बाबा का स्वागत किया और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया।

भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी की परंपरा वर्ष 1996 से निरंतर चली आ रही है। मान्यता है कि सावन के अंतिम सोमवार को भगवान स्वयं नगर भ्रमण कर अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। इसी आस्था के चलते हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बनते हैं। इस वर्ष भी सवारी को लेकर शहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शाही सवारी का मुख्य आकर्षण 26 भव्य झांकियां, विभिन्न राज्यों की ढोल पार्टियां, अखाड़ों की प्रस्तुति और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। शाही पालकी, महादेव स्वरूप झांकी, धार की नगाड़ा पार्टी, राधा-कृष्ण महारास लीला, राम दरबार, पंजाबी ढोल, नालछा माता मंदिर की झांकी और महाकाल स्वरूप पालकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसके अलावा केरल की कथककली प्रस्तुति, तिरुपति बालाजी झांकी, मुंबई की ढोल पार्टी, गुजरात और नासिक के ढोल, श्मशान अघोरी झांकी, महाकाल गर्भगृह महाआरती का जीवंत चित्रण, महिला कलश यात्रा, डमरू मंडल की युवतियों की प्रस्तुति और मातृशक्ति द्वारा गरबा नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान पशुपतिनाथ का राजसी रथ, ओखा बावजी का रथ तथा स्वच्छता मिशन की झांकी ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए

शाही सवारी पशुपतिनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर बरगुंडा मोहल्ला, केशव सत्संग भवन मार्ग, खानपुरा, मंडी गेट, सदर बाजार, धानमंडी, बड़ा चौक, गणपति चौक, शुक्ला चौक, सांखला भवन, कालाखेत मेन रोड, मेघदूत होटल मार्ग, नेहरू बस स्टैंड, कालीदास मार्ग और घंटाघर होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा। प्रातःकालीन आरती मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस शाही सवारी में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी और पुष्पवर्षा किया। स्वामी मणिमहेश चैतन्य ने कहा कि सावन का अंतिम सोमवार भगवान शिव की भक्ति का सबसे बड़ा पर्व है। भक्त वर्षभर मंदिर में भगवान के दर्शन करने आते हैं, लेकिन इस दिन भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच पहुंचकर उन्हें दर्शन देते हैं। यही इस शाही सवारी की विशेषता है। आस्था, श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत संगम के रूप में निकली भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी ने एक बार फिर मंदसौर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

नपा परिषद ने भगवान पशुपतिनाथ की राजसी सवारी का स्वागत किया



मंदसौर। सावन माह के अंतिम सोमवार को मंदसौर नगर में निकाली गई भगवान पशुपतिनाथ महादेव की राजसी सवारी का नपा परिषद द्वारा स्वागत किया गया। राजा गुलाब गेट के पास चौराहे पर नपा परिषद ने विशाल स्टेज लगाकर सवारी में शामिल हुए धर्मालुजनों पर पुष्पवर्षा की तथा उन्हें केले की प्रसादी व शीतल पानी की बॉटल वितरित की। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के नेतृत्व में नपा के सभापतिगणों, पार्षदगणों के साथ नपा के अधिकारियों कर्मचारियों ने भी यहाँ सवारी का स्वागत किया। नपाध्यक्ष ने भगवान श्री पशुपतिनाथ की रजत प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उसका पूजन किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका मुकेश गोस्वामी व उनकी जिला टीम के सदस्यों ने भी यहाँ राजसी सवारी का स्वागत किया। इस अवसर पर नपा के जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्री पशुपतिनाथ के जयकारे भी लगाये तथा राजसी सवारी आगमन के पूर्व शिव भक्तों के साथ नृत्य भी किया। इस अवसर पर नपा सभापतिगण रमेश ग्वाला, सत्यनारायण भांभी, निलेश जैन, दीपमाला मकवाना, निर्मला चंदवानी, नपा पार्षदगण कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, भारती पाटीदार, भावना पमनानी, गोवर्धन कुमावत, युवा नेता राजेश गुर्जर, महेन्द्र परिहार, पार्षद प्रतिनिधि राजेश सोनी ऐरावाला, राकेश भावसार, नंदलाल गुजरिया, वरदीचंद कुमावत, कान्जी पटेल नरसिंहपुरा, कन्हैयालाल सोनगरा, , राहुल गडावा, नपा के राजेन्द्र नीमा, धर्मेन्द्र सोनगरा, विक्रम सिंह गायरी, संजय खमेसरा ने स्वागत किया।

मप्र शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक

टीईटी पर उचित निर्णय नहीं हुआ तो देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मप्र शिक्षक संघ मंदसौर के जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा, सचिव भरतलाल पपोंडिया, कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर ने बताया कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक रविवार को पाटीदार धर्मशाला, भादवा माता परिसर, नीमच में संपन्न हुई। चार सत्रों में आयोजित बैठक में प्रदेशभर से आए शिक्षक प्रतिनिधियों ने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, शिक्षकों की लंबित समस्याओं, ई-अटेंडेंस, टीईटी परीक्षा सहित विभिन्न विषयों पर मंथन किया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि यदि टीईटी को लेकर सरकार ने शिक्षकों के हित में उचित एवं स्पष्ट निर्णय नहीं लिया तो मप्र शिक्षक संघ, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले व्यापक आंदोलन करेगा, जिसे देशव्यापी स्वरूप दिया जाएगा। संगठन सर्वोपरि, कार्यकर्ता संगठन की शक्ति बैठक के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अतिरिक्त महामंत्री मोहन पुरोहित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, पूजन-अर्चन तथा मातृशक्ति द्वारा रक्षासूत्र बंधन एवं तिलक वंदन से हुआ। इसके बाद पिछली प्रदेश कार्यकारिणी बैठक के विवरण का वाचन किया गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। मुख्य अतिथि मोहन पुरोहित ने कहा कि संगठन सर्वोपरि का भाव प्रत्येक कार्यकर्ता में होना चाहिए। कार्यकर्ता ही संगठन का आधार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आत्म-मूल्यांकन करते हुए दायित्वबोध के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. छत्रवीर सिंह राठौर, सह-संगठन मंत्री हीरालाल तिरोले, प्रदेश सचिव राजीव शर्मा एवं संध्या नाइक मंचासीन रहे। बैठक में जिलों के वित्तीय लेखा-जोखा और सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई।

प्रदेश में एक लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 31 अगस्त तक प्रत्येक संभाग के पदाधिकारी अपने-अपने निवास जिले में सदस्यता टोली बनाकर अभियान को गति देंगे। बैठक में बताया गया कि शहडोल संभाग ने शत-प्रतिशत सदस्यता का लक्ष्य पूरा कर लिया है, जबकि अधिकांश जिलों में लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। सह-संगठन मंत्री हीरालाल तिरोले ने आगामी संत रविदास जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में जिला एवं प्रदेश स्तर पर व्यापक रूप से मनाने का आह्वान किया। तृतीय सत्र में प्रदेशभर से आए जिला प्रतिनिधियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

नवकार महामंत्र की शक्ति अद्भुत है, इसे पहचानें : मुनिश्री प्रत्यक्षरत्न



मंदसौर। नवकार महामंत्र अद्भुत मंत्र है, इस मंत्र का जाप करने से मनुष्य संसार रूपी भवसागर को पार कर जाता है। 68 अक्षरों का यह मंत्र जो भी व्यक्ति मनोभाव से स्मरण करता है जाप करता है उसे शाश्वत सुख मिलता है। जिस मानव की मृत्यु होने वाली हो उसे नवकार सुनाया जाए तो उसकी गति सुधर जाती है। प्रत्येक व्यक्ति चाहे जैन हो या अजैन उसे इस अद्भुत मंत्र की शक्ति को पहचानना चाहिये और इसके प्रति उच्च भाव रखने चाहिये। उक्त उद्गार मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजय म.सा. ने नवकार महामंत्र आराधना के पंचम दिवस राजेन्द्र विलास जीवागंज में आयोजित धर्म सभा में कहे। आपने सोमवार को ह्यनमो लोए सव्वसाहूणंह्ल पद की महत्ता बताते हुये कहा कि नवकार मंत्र विशिष्ट है तथा कर्मों का क्षय करने की शक्ति रखता है। जैन धर्म के कोई भी पंथ हो सभी ने इस मंत्र को विशिष्ट माना है। एकासने करते हुये जो भी साधक इसकी आराधना करते हुये जाप करते हैं उन्हें अद्भुत पुण्य बंध होता है। आराधना के पंचम दिवस मुनिश्री ने नवसारी तीर्थ, श्री मोदरा तीर्थ, श्री लोद्रवा तीर्थ, श्री एकलिंगजी तीर्थ, श्री सम्मेदशिखरजी तीर्थ, श्री वरकाणा तीर्थ, श्री सागोदिया तीर्थ, श्री हुबली तीर्थ, श्री नंदीग्राम तीर्थ की भावयात्रा करायी। उन्होंने श्रावक श्राविकाओं को इन सभी तीर्थों की महत्वपूर्ण जानकारी व्याख्यान में दी और कहा कि 68 तीर्थों की महिमा आचार्य पूण्य सम्राट श्री जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. ने विशिष्ट बतायी है। हमें अपने जीवन में सभी 68 तीर्थों की यात्रा अवश्य ही करना चाहिये। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

रात्रि भोजन त्याग का महत्व समझोः साध्वी नेहाश्रीजी

मंदसौर। भारतीय धर्म व दर्शन रात्रि भोजन त्याग की महता को स्वीकार करते हैं जैन शास्त्र (आगमों) में विस्तार से रात्रि के सूर्यास्त के उपरांत भोजन नहीं करना चाहिए। इस विषय में बताया गया है रात्रि में भोजन करने से क्या हानि होती है हमारे जीवन में कैसे जाने अनजाने में पाप कर्म का बंध होता है यह सब जैन आगमों में है। इसलिये हम जीवन में जितना हो सके रात्रि भोजन ग्रहण नहीं करना चाहिये तथा रात्रि भोजन त्याग का पचकाण (संकल्प) लेना चाहिये और उसे निभाने का पुरा पुरा प्रयास करना चाहिये। उक्त उद्गार साध्वी नेहाश्रीजी म.सा. ने नवकार भवन शास्त्री कालोनी में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने सोमवार को यहां धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे परिवार में जिन्होंने रात्रि भोजन का नियम लिया है तो उनके नियम पालन में सहयोगी बनना चाहिये। माता पिता, सास ससुर, एवं अन्य रिश्तेदार जो यह नियम पालते हैं उनके लिये समय पर भोजन तैयार करना चाहिये ताकि समय पर भोजन ग्रहण कर सके तथा इन्हे नियम भंग का दोष नहीं लगे। रात्रि भोजन का त्याग करने से छोटे छोटे सूक्ष्म जीवों की हिंसा जो कि जाने अनजाने में हो जाती है हम उस पाप कर्म से भी बच जाते हैं कई बार हम रात्रि 11-12 बजे तक भोजन करते हैं जिसके कारण हमें अपच की शिकायत हो जाती है समय पर भोजन करने से हमारा स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है इसलिये जीवन में रात्रि भोजन त्याग करने की कोशिश करो और यथासंभव उसका पालन करो।

अखिल भारतीय पोरवाल महासभा शामगढ़ के निर्वाचन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़



अखिल भारतीय पोरवाल महासभा प्रधान कार्यालय शामगढ़ के निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। निर्वाचन में अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान कराया गया, जिसमें समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में रमेशचंद्र काला ने 411 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी ओमप्रकाश चौधरी को 391 मत मिले। वहीं राजेश मुजावदिया को 135 मत, हरिनारायण फरक्या को 82 मत तथा राजेंद्र कुमार वेद को 39 मत प्राप्त हुए। कुल 1058 वैध मत पड़े तथा 33 मत निरस्त हुए। इस प्रकार रमेशचंद्र काला 20 मतों के अंतर से देर रात्रि कोविजयी घोषित किए गए। महामंत्री पद के निर्वाचन में दिनेशचंद्र चौधरी को सर्वाधिक 525 मत प्राप्त हुए और वे विजयी रहे। शांतिलाल गुप्ता को 282 मत तथा विजय चौधरी को 245 मत मिले। कुल 1052 वैध मत पड़े जबकि 39 मत निरस्त घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में दिनेश कुमार गुप्ता ने 483 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। विनोद काला को 301 मत तथा गोविंद जी खड़िया को 261 मत मिले। इस पद के लिए कुल 1045 वैध मत पड़े एवं 46 मत निरस्त हुए। निर्वाचन अधिकारियों ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाणित करते हुए। समाजजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर उनसे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। वही विजयी हुएउम्मीदवारों का भव्य आतिशबाजी के साथ ढोल ढमाको के साथ पुष्पमाला पहनाकर सभी समाज जनों द्वारा स्वागत किया गया एवं तीनों उम्मीदवार एक ही पैनल के विजयी हुए।

पवित्र श्रावण माह में बहनों ने शिवलिंग निर्माण किया



शामगढ़। विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर शिवलिंग निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रद्धा एवं भक्ति भाव से शिवलिंग का निर्माण किया। इस अवसर पर कार्यशाला में अतिथि के रूप में दाखा बाई दानगढ़ उपस्थित रहीं। उन्होंने भैया-बहिनों का उत्साहवर्धन करते हुए शिवलिंग निर्माण की प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला के माध्यम से भैया-बहिनों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्कार, श्रद्धा, रचनात्मकता तथा भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान का भाव विकसित हुआ। सभी भैया-बहिनों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ कार्यशाला में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया गया।

मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन के सदस्यों ने किया रक्तदान

मंदसौर। मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिऐशन द्वारा नगर के प्रसिद्ध फोटोग्राफर स्व. दिनेश कश्यप की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान कर पुनीत कार्य किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि स्व. दिनेश कश्यप मंदसौर नगर के प्रसिद्ध फोटोग्राफर रहे है। उन्होंने मुम्बई की फिल्मी दुनिया में राजेश खन्ना एवं मनोज कुमार जैसे बड़े अभिनेता के साथ भी अभिनय किया। कश्यप एक बेहतरीन



कलाकार होने के साथ-साथ में एक बेहतरीन इंसान भी थे, मंदसौर में रामायण स्टूडियों के नाम से आपका प्रसिद्ध संस्थान भी है। कश्यप ने मंदसौर के फोटोग्राफी को नया आयाम दिया उनसे कई लोगों ने फोटोग्राफी कला सिखी। ऐसे में एसोसिऐशन के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी स्मृति में रक्तदान एवं फल वितरित कर पुनीत कार्य किया है। इस अवसर पर कुणाल कश्यप, ऋषभ जैन, लखन बाड़ोलिया, रवि परिहार, हकीम, आकाश माली, यश लोहार नीरज सेन, तुषार सोनी ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले साथियों को एसोसिऐशन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुकेश कनेसरिया, जीवन सोनी, अंकित माली, जीतू शर्मा आदि उपस्थित थे।

पत्नी की हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास

राजगढ़। जिले के खुजनेर थाना में दर्ज किए गए आपराधिक प्रकरण में जिला न्यायालय में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश लखनलाल गोस्वामी ने अपने न्यायालय के प्रकरण में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त प्रखर उपाध्याय निवासी खुजनेर को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक /उपनिदेशक अभियोजन आलोक श्रीवास्तव के द्वारा की गई। जिसमें बताया कि गया दिनांक 04.03.24 को फरियादी गौतम दुबे ने थाना खुजनेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी भांजी वंदना की शादी 3 साल पहले खुजनेर के प्रखर उपाध्याय से की थी। उसके बाद से ही प्रखर और वंदना के बीच लडाई झगडे चल रहे थे। 8 महीने पहले दोनों के बीच लडाई हुई थी तो मेरे दामाद उदयभानु और वहन रेखा खुजनेर आये और आपसी समझाईस देकर वंदना को उसके ससुराल खुजनेर छोड कर चले गए। उसके बाद रात्रि में मोबाइल चलाने की बात पर पत्नि ने आरोपी को टोका टाकी की थी जिसके कारण गुस्से में आकर उसने लोहे की राड से पत्नि वंदना के सिर में 3 बार मारी वह पलंग पर ही गिर गई उठाने की कोशिश की नही उठी तो एयर पिस्टल से पत्नि के ऊपर फायर कर दिया।

